प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चौथे स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित।
2. ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया का आज हुआ समापन : सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम तैयार करने के लिये प्रदेश में जेवर के पास बन रहा है एक हजार एकड़ में सेमीकंडक्टर पार्क।
3. प्रदेश सरकार गांधी जयंती पर देगी स्वच्छता ही सेवा अवॉर्ड : 9 श्रेणियों में राज्य और जनपद स्तर पर दिया जाएगा अवॉर्ड।

और

4. प्रदेश में पिछले तीन दिनों में हुई भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित : अमरोहा, मैंनपुरी पीलीभीत और बदायूं समेत 8 जनपदों में आज बंद रहे स्कूल–कॉलेज।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चौथे स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चिकित्सा–शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने

कहा कि लखनऊ पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल का गेटवे है, वहां के लोग इलाज के लिए लखनऊ के लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट–वन मेडिकल कॉलेज की तरफ बढ़ चुका है। बाइट....

*आज उत्तर प्रदेश चप डिस्टिक वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है और पहली बार केन्द्र और राज्य सरकार पीपीटी मोड पर ही मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाई है। चार ऐसे मेडिकल कॉलेजेज में सत्र में एडमीशन के सत्र में एडमिशन हुए, 6 अन्य मेडिकल कॉलेज में एडमीशन हुए। अगले पांच–सात वर्षो के अन्दर डॉक्टर क कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी जी का जो विजन है उसके रूप आज हम वन डिस्टिक वन मेडिकल कॉलेज की तरफ तो बढ़ ही चुके है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक मिलेंगे, पीएससी के लिये मिलेंगे, सीएचसी के लिये मिलेंगे। हमें यहां पर अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक भी मिलेंगे।*

———————

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का आज समापन हो गया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। सेमीकॉन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत मनोचा ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया किसी भी देश में आयोजित सबसे सफल और सबसे बड़ा आयोजन है।

*जो सेमी हमने कल ही करी, ये सबसे बड़ी सेमीकॉन हुई है, जो हमारा प्लान था उस प्लान के चार गुना ज्यादा बड़ी है। मैं बहुत खुश हूं इस सेमीकॉन के परफार्मेंश से, क्योंकि हमने क्या किया है सभी इंडिस्ट्रियल एरिया को लाने के लिये जो हमारे मोदी जी का वीजन है बहुत ही स्ट्रांग वीजन है, बहुत ही अच्छा*

*वीजन है, जो हमारे गर्वमेंट की पालिसी है वो भी बहुत फेवरेवल पालिसी है, उनसे दो साल में पांच मैन्युफैक्चरिंग यूनिटफेवरेवल पालिसी है, उनसे दो साल में पांच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का स्पोर्ट करने के लिये हमें इकोस्टिम चाहिये। इस कंट्री को तो मैं बड़ा सुख की  सेमी की वजह से पूरे वर्ड को इकोसिस्टम कम्पनी लेकर आये हैं।*

सेमिकॉन इंडिया के आखिरी दिन आज एक विशेष सत्र में राज्यों के प्रतिनिधियों ने सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम तैयार करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस सत्र में उत्तर प्रदेश समेत आंध्र प्रदेश, असम, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सत्र में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि ने बताया कि राज्य में जेवर के पास एक हजार एकड़ में सेमीकंडक्टर पार्क और नोएडा में नए हवाई अड्डे के साथ तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है।

———————

लखनऊ में चल रही 73वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर–2024 चंपियनशिप आज समाप्त हो गई। आखिरी दिन पुरूष बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अलग–अलग वर्ग में सर्वेश, हरिकिशन, ललित, मनीष राठौर, विजय कुमार, आशीष, निश्चय, सत्यम और अंकित ने गोल्ड मेडल जीता। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि

खेलों का सीधा सम्बंध हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक विकास से है। बाइट.....

*हमारे जीवन में शरीर के स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक विकास की ओर हमे ले जाने का कार्य करता है, जिनके कंधों में देश की सुरक्षा का भाव हो, जो हमारी सीमा की सुरक्षा करती हो, हम सबके बीच में खेल प्रतियोगिता का आनन्द और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम सब जानते है पुलिस फोर्स के अधिकारी, जवान अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते हुए गंभीर परिस्थितियों का सामना करते हैं।*

—————————

प्रदेश सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले सफाई मित्रों समेत अन्य लोगों को स्वच्छता ही सेवा अवॉर्ड से सम्मानित करेगी। यह अवॉर्ड राज्य और जनपद स्तर पर दिया जाएगा। दो अक्टूबर को यह अवॉर्ड कुल 9 श्रेणियों में दिया जाएगा। अवॉर्ड पाने वालों का चयन राज्य और जनपद स्तर पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा। राज्य सरकार पूरे प्रदेश में 17 से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान –स्वच्छता ही सेवा का आयोजन कर रही है।

—————————

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफॉर्मर जलने के 24 घंटे में उसे हर हाल में बदलने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं करने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। लखनऊ में बिजली आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पावर

कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष ने टोल फ्री नंबर 1912 पर आने वाली शिकायतों के तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

————————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश की दस सीटों पर होने वाले उप चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नये सिरे से अपने मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपा है। प्रदेश के पचहत्तर में से तिहत्तर जिलों के मंत्रियों के प्रभार बदले गये हैं। पीलीभीत के प्रभारी मंत्री बलदेव औलख और मिर्जापुर के नंद गोपाल नंदी का प्रभार नहीं बदला गया है। मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्रियों के पास पच्चीस–पच्चीस जिलों की समीक्षा की जिम्मेदारी रहेगी। इसमें चार–चार माह के बाद रोटेशन के आधार पर जिलों का प्रभार बदलता रहेगा। लखनऊ में कल अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में उप चुनाव, सदस्यता अभियान और मंत्रियों के प्रभार को

लेकर हुयी चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने यह बदलाव किये। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को अब लखनऊ के साथ वाराणसी का भी प्रभार दिया गया है। स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज और गोरखपुर की जिम्मेदारी दी गयी है। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप को मैनपुरी और शाहजहांपुर का प्रभारी बनाया गया है। मंत्री दयाशंकर सिंह प्रतापगढ़ और देवरिया, दिनेश प्रताप सिंह कुशीनगर और कौशाम्बी, दया शंकर मिश्र दयालु बलिया और महराजगंज तथा अनिल राजभर आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर के प्रभारी बनाये गये हैं।

—————————

प्रदेश में पिछले तीन दिनों में हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त—व्यस्त हो गया ह। कई जनपदों में बिजली आपूर्ति बाधित होने और जल भराव से लोगों को मुश्किलों का सामना कर पड़ रहा है। बारिश के कारण मुजफ्फरनगर, मथुरा में मकान गिरने से एक—एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं हापुड़ में छत गिरने से महिला सहित दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए ह। भारी बारिश को देखते हुए आज अमरोहा, मैनपुरी पीलीभीत, बदांय् और हमीरपुर में कक्षा 8 तक के सभी स्कूल और कन्नौज, फर्रूखाबाद और हापुड़ मं कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित रहा। उधर, कृषि विभाग की ओर से फसल बीमा का लाभ लेने के लिये किसानों से फसल को

हुए नुकसान की सूचना 72 घंटे के अंदर कृषि विभाग, बैंक या फिर टोल फ्री नंबर 14447 पर देने की अपील की गई है। बारिश के साथ ही बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। शारदा नदी में उत्तराखंड के बनबसा बैराज से साढ़े चार लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत जिल में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*पीलीभीत में बीते तीन दिनों में जारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के साथ ही बनबसा बैराज से शारदा नदी में 4 लाख 61 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इससे ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। एक लाख से अधिक की आबादी का संपर्क जिले से कट गया है। उधर, देवहा नदी में 38 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से पीलीभीत शहर और बीसलपुर तहसील क्षेत्र के निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है। बैराजों से और अधिक पानी छोड़े जाने का अलर्ट जारी करके लोगों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने को कहा गया है।*

*सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार पीलीभीत।*

(समाप्त)